

अक्टूबर-2018

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

### राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की गोष्ठी

दिनांक 11.09.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की अध्यक्षता में मुख्यालय के सभागार में राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की चतुर्थ त्रैमासिक गोष्ठी में सभी रेलवे स्टेशनों पर एकीकृत सुरक्षा प्रणाली योजना व निर्भया फण्ड के तहत, आगामी कुम्भ मेला के दृष्टिगत इलाहाबाद रेलवे स्टेशन, रेलवे पुलों पर सीसीटीवी/सुरक्षा उपकरण स्थापित कराये जाने, रेलवे में अपराध की घटनाओं की रोकथाम हेतु ठेके के अधीन कार्य करने वाले रेल कर्मियों के पुलिस वैरीफिकेशन कराये जाने, अपराध रोकने हेतु अवैध वेण्डर्स को रोकने/वैध वेण्डर्स बढ़ाये जाने के साथ-साथ रेलवे के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं रेलवे ट्रैक की सुरक्षा-व्यवस्था के सम्बन्ध में भी गहन विचार किया गया।

पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने डकैती व लूट पर नियंत्रण हेतु जीआरपी व आरपीएफ को वल्नरेबुल एरिया का एसओपी तैयार कर कार्यवाही करने, रेलवे ट्रैक की सुरक्षा व रेलवे सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य समस्याओं के दृष्टिगत जनपद पुलिस की गोष्ठी में जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारियों को बुलाने, सभी ट्रैक के सहायक इन्जीनियर पूरे ट्रैक को बीट में बाँटकर आरपीएफ/जीआरपी/सिविल पुलिस/रेलवे ट्रैक मेन्टेनेन्स के कर्मचारियों द्वारा मिलकर लगातार निगरानी रखने सम्बन्धी निर्णय लिये गये। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस महानिदेशक के 5 प्रतिशत कमेण्डेशन डिस्क गुमशुदा बच्चों की बरामदगी में अच्छा कार्य करने वाले जीआरपी पुलिस कर्मियों को प्रदान किये जाने का निर्णय भी लिया।

बैठक में श्री बी.के. मौर्य, एडीजी, रेलवेज़, श्री एन.के. मिश्रा, संयुक्त निदेशक, आई.बी., लखनऊ, श्री संजय सिंघल, एडीजी, अपराध, श्री एच.आर. शर्मा, एडीजी, प्रशासन, श्री विजय प्रकाश, आईजी, रेलवेज़, लखनऊ ज़ोन, श्री संजय किशोर, मुख्य सुरक्षा आयुक्त, आर.पी.एफ., एन.सी.आर., इलाहाबाद, श्री राजाराम, मुख्य सुरक्षा आयुक्त, आर.पी.एफ., एन.ई.आर., गोरखपुर, श्री विजय खातेकर, सहमुख्य सुरक्षा आयुक्त, आर.पी.एफ. डब्ल्यूसीआर, जबलपुर, श्री एस.एन. चौधरी, सहमुख्य सुरक्षा आयुक्त, आर.पी.एफ., ईसीआर, हाजीपुर, श्री प्रवीण कुमार, डीआईजी, कानून-व्यवस्था, श्री आर.बी. यादव, चीफ इंजीनियर ट्रैक मेन्टेनेन्स, एनईआर, श्री एम.के. पाण्डेय. डिवीज़नल इंजीनियर ट्रैक, लखनऊ आदि ने भाग लिया।



### नोएडा मैट्रो की सुरक्षा के सम्बन्ध में सी.आई.एस.एफ. के साथ गोष्ठी

दिनांक 08.09.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की अध्यक्षता में मुख्यालय के सभागार में सी.आई.एस.एफ. अधिकारियों के साथ मैट्रो सुरक्षा सम्बन्धी बैठक में सी.आई.एस.एफ. ने एक पॉवर प्वाइण्ट प्रस्तुतीकरण द्वारा विभिन्न स्टेशनों/मार्गों पर, फ्रिस्किंग/बैगेज चेकिंग के लिये और सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर लगाये जाने वाले संसाधन एवं उपकरणों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। प्रस्तुतीकरण में यह अवधारणा की गयी कि नोएडा मैट्रो, यदि दिल्ली मैट्रो के क्रम में रहेगी, तो सुरक्षा भी दिल्ली मैट्रो के सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही रखी जायेगी।

पुलिस महानिदेशक ने एडीजी, पी.ए.सी. को प्रस्तुतीकरण के आधार पर एक सारगर्भित आख्या संस्तुति सहित उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में श्री आर.के. विश्वकर्मा, एडीजी, पी.ए.सी., श्री बी.पी. जोगदण्ड, एडीजी, उ.प्र. पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद, श्री सुधीर कुमार, आईजी, एन.सी.आर., सी.आई.एस.एफ., श्री रघुवीर लाल, डीआईजी, सी.आई. एस.एफ., एसएसपी, लखनऊ, सेनानायक, 49वीं वाहिनी पी.ए.सी., गौतमबुद्धनगर आदि उपस्थित रहे।



## जन कल्याण सेवाएँ

### एन0आर0आई0 की समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक

- दिनांक 26.09.2018 : श्रीमती स्वाति सिंह, मा. राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार, एन.आर.आई., उ.प्र. की अध्यक्षता में एन.आर.आई. की समस्याओं के निराकरण हेतु सम्पन्न बैठक में श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने बताया कि उ.प्र. पुलिस के ट्विटर हैण्डल @uppolice की लॉन्चिंग के बाद एन.आर.आई. की समस्याओं का निस्तारण ट्विटर के माध्यम से किया जा रहा था। इस ट्विटर हैण्डल पर अधिक शिकायतें प्राप्त होने की दशा में एन.आर.आई. की सुविधा के लिये दिनांक 22.05.2018 को एक पृथक ट्विटर हैण्डल @UPPolNRI लॉन्च किया गया है जिस पर प्राप्त शिकायतें सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारित करायी जा रही हैं। कुम्भ मेला हेतु भी एक पृथक ट्विटर हैण्डल @kumbhuppolice लॉन्च किया गया है। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने बल दिया गया कि एन.आर.आई. एवं विदेशियों की समस्या के निस्तारण हेतु uppolice एवं NRI विभाग को समन्वय से कार्य करने की जरूरत है।

बैठक में एन.आर.आई. विभाग, उ.प्र. के अधिकारियों ने बताया कि एन.आर.आई. की समस्याओं के निराकरण हेतु एन.आर.आई. सेल गठित है। दिनांक 22.02.2018 को उ.प्र. प्रवासी दिवस के आयोजन में upnrigrs.in वेबसाइट का शुभारम्भ हुआ। यह वेबसाइट स्वतः संचालित है एवं समस्याएँ पंजीकृत होने के उपरान्त सम्बन्धित अधिकारी के पास पहुँच जाती हैं जिनको सम्बन्धित अधिकारी द्वारा संचालित किया जाता है। एन.आर.आई. की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु उ.प्र. पुलिस द्वारा लॉन्च किया गया ट्विटर हैण्डल @UPPolNRI का हाईपरलिंक एन.आर.आई. की वेबसाइट पर प्रदर्शित है।

मा. मंत्री जी ने उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्यों की सराहना की तथा दोनों विभागों से एन.आर.आई. के हित में समन्वय से कार्य करने की अपेक्षा की।




## सराहनीय कार्य

- दिनांक 28.09.2018 : दिनांक 04.03.2018 को इण्डियन ओवरसीज़ बैंक, शामली के एटीएम से तकनीकी खराबी दूर करने के बहाने अज्ञात अभियुक्तों द्वारा रू. 18,37,300.00 गायब कर देने के प्रकरण में मुख्य आरोपी बैंक मैनेजर गिरफ्तार, रू. 14,36,000.00 बरामद।
- दिनांक 25.09.2018 : भ्रष्टाचार निवारण संगठन कानपुर इकाई एवं गोरखपुर इकाई की ट्रैप टीम द्वारा क्रमशः जूनियर इंजीनियर (विद्युत) कानपुर देहात को रु. एक लाख व लेखपाल, महराजगंज को रु. पाँच हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा।
- दिनांक 20.09.2018 : उ.प्र. सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने महोबा में सहायक आबकारी आयुक्त (जिला आबकारी अधिकारी) को रु. 10,000.00 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा।
- दिनांक 12.09.2018 : दिनांक 02/03.09.2018 की रात्रि रेलगाड़ी सं. 12669 गंगा कावेरी में घटित लूटपाट/डकैती की घटना का अनावरण : 06 अभियुक्त मय आग्नेयास्त्र गिरफ्तार, रु. तीन लाख के जेवरात व रु. एक लाख नगद बरामद।
- दिनांक 11.09.2018 : सतर्कता अधिष्ठान की ट्रैप टीम ने रु. 20,000.00 उत्कोच लेते हुए अवर अभियन्ता, विद्युत को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.09.18 : रात्रि करीब 02.00 बजे थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली क्षेत्र से रु. दो करोड़ फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण करने वाले 05 अभियुक्त मय अपहृत बच्चा (12 वर्ष) व आग्नेयास्त्र गिरफ्तार।
- दिनांक 05.09.2018 : मथुरा में फर्जी सिम से ट्रू कॉलर में मोटर कम्पनी के मालिक का नाम अपडेट कर मैनेजर से धोखाधड़ी कर मालिक के बैंक खाते से रु. 24,72,000.00 ऑनलाइन ट्रान्सफर कराने वाले 03 जालसाज़ गिरफ्तार।
- दिनांक 03.09.2018 : दिनांक 28/29.08.2018 की रात्रि में वाराणसी में बम ब्लास्ट कर पिता/पुत्र की हत्या के अनावरण हेतु 08 पुलिस टीमों ने दिनांक 03.09.2018 को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। घटना जमीनी विवाद के कारण हुई।
- दिनांक 03.09.2018 : दिनांक 05.06.2018 को बरेली में टॉप कैरेट ज्वैलर्स शोरूम पर अज्ञात अभियुक्तों द्वारा हथियारों के बल पर शोरूम से सोने/चाँदी आदि जेवरात की लूट में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एक लाख रूपये के ईनामी फरार मुख्य अभियुक्त को दिनांक 03.09.2018 को प्रातः 02.45 बजे मय लूट के करीब रु. 15 लाख के सोने/चाँदी के आभूषण गिरफ्तार किया गया।

## अनुशासनहीन कार्मिकों पर कार्यवाही

- दिनांक 29.09.2018 : थाना गोमतीनगर, लखनऊ क्षेत्र में एप्पल कम्पनी के प्रबन्धक, विवेक तिवारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के प्रकरण में दो आरक्षियों के विरूद्ध हत्या का अभियोग पंजीकृत, दोनों आरक्षी गिरफ्तार, सेवा से बर्खास्त। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने आईजी, लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ की अध्यक्षता में, एसआईटी गठित की।
- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. पुलिस कर्मियों को नियम विरूद्ध, अवैधानिक तथा अपराधिक आचरण न करने व संवेदनशील बनाने के लिये स्वयं कार्यक्रमों के आयोजन करते रहे हैं। दिनांक 29.09.2018 को गाज़ियाबाद में अधीनस्थ कार्मिकों का सम्मेलन विधिसम्मत आचरण करने के मार्गदर्शनार्थ आयोजित किया गया।
- जनवरी 2018 से अब तक 219 पुलिस कार्मिकों को निलम्बित तथा 10 पुलिस कार्मिकों को बर्खास्त किया जा चुका है।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

- दिनांक 19.09.2018 : मिलिट्री इण्टेलीजेन्स, चण्डीगढ़ से प्राप्त सूचना पर ए.टी.एस. व बी.एस.एफ. टीम ने आई.एस.आई. के हनी ट्रैप में फँस कर पाकिस्तान को गोपनीय सूचना देने वाले बी.एस.एफ. कॉन्स्टेबल अच्युतानन्द मिश्रा, निवासी जिला–रीवा, मध्य प्रदेश को विस्तृत पूछताछ के बाद ऑफीशियल सीक्रेट्स एक्ट के उल्लंघन में गिरफ्तार किया।

### एस.टी.एफ.

#### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रू.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 50,000.00 | 26.09.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 19.09.18 | शाहजहाँपुर | 01 |
| | 15.09.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 14.09.18 | वाराणसी | 01 |
| | 13.09.18 | इलाहाबाद | 01 |
| 25,000.00 | 19.09.18 | आगरा | 01 |
| | 02.09.18 | रामपुर | 01 |
| 20,000.00 | 26.09.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 09.09.18 | गाज़ियाबाद | 01 |

- दिनांक 29.09.2018 : लखनऊ में हरियाणा से तस्करी कर लायी गयी लगभग रु. 20 लाख की अवैध शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार।
- दिनांक 28.09.2016 : नौतनवा, महाराजगंज में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का पर्दाफाश।
- दिनांक 27.09.2018 : राष्ट्रीय खाद्य एवं बीज भण्डारण परिषद का फर्जी विभाग व फर्जी वेबसाईट बनाकर विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु

विज्ञप्ति डालकर धोखाधड़ी से भर्ती करने वाले 03 अभियुक्त लखनऊ से गिरफ्तार।

- दिनांक 25.09.2018 : बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना की फर्जी वेबसाईट बनाकर कूटरचित अंकपत्र, प्रमाण–पत्र इत्यादि बनाने वाले गिरोह का सरगना मय दस्तावेज इलाहाबाद से गिरफ्तार।
- खाद्य एवं रसद विभाग, उ.प्र. की बायोमैट्रिक राशन वितरण प्रणाली में सेंध लगाकर आधार संख्या बदलकर अनाधिकृत व्यक्ति के आधार संख्या से जालसाज़ी करके राशन निकालने वाले 03 अभियुक्त दिनांक 16.09.2018 को लखनऊ से एवं 04 अभियुक्त दिनांक 17.09.2018 को गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार।
- दिनांक 16.09.2018 : उ.प्र., पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली सहित देश के राज्यों में प्रभावी 04 अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर 03 क्विंटल 04 किग्रा. गाँजा सहित लखनऊ से गिरफ्तार।
- दिनांक 08.09.2018 : दिनांक 23.07.2018 को अपहृत व्यवसायी संतबहादुर सिंह उर्फ लाला की फिरौती हेतु रू. 40,00,000.00 की माँग करने वाले 05 अभियुक्त फिरौती की रकम सहित बिहार से; नकली नोट छापने वाले 2 व्यक्ति नकली नोट, स्कैनर / प्रिन्टर सहित लखनऊ से; एन.सी.आर. एवं आसपास के क्षेत्र में हथियारों के बल पर ट्रक लूटने वाले 09 अभियुक्त मय लूट की सामग्री गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार।
- दिनांक 06.09.2018 : आई.आर.सी.टी.सी. में नौकरी हेतु फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करके ठगी करने वाले 07 ठग आगरा से गिरफ्तार।
- दिनांक 05.09.2018 : 02 अन्तर्राष्ट्रीय तस्कर 81 कछुओं सहित सीतापुर से गिरफ्तार।
- दिनांक 02.09.2018 : शामली में रंगदारी माँगने वाले 05 अपराधी गिरफ्तार।
- दिनाक : 01.09.2018 : उ.प्र. अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की नलकूप चालक परीक्षा का पेपर लीक करने वाले 11 व्यक्ति मेरठ से गिरफ्तार।

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रू.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 1,00,000.00 | 03.09.18 | बरेली | 01 |
| 50,000.00 | 16.09.18 | सहारनुपर | 02(मृत्यु) |
| | 15.09.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 40,000.00 | 23.09.18 | गोण्डा | 01 |
| 25,000.00 | 28.09.18 | कन्नौज | 01 |
| | 27.09.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 25.09.18 | रायबरेली | 02 |
| | 25.09.18 | सम्भल | 01 |
| | 25.09.18 | चित्रकूट | 01 |
| | 24.09.18 | फतेहगढ़ | 02 |
| | 23.09.18 | बदायूँ | 01 |
| | 21.09.18 | औरैया | 01 |
| | 21.09.18 | फैजाबाद | 01 |
| | 20.09.18 | अलीगढ़ | 02 |
| | 19.09.18 | इटावा | 02 |
| | 19.09.18 | आजमगढ़ | 02 |
| | 18.09.18 | महोबा | 01 |
| | 17.09.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 15.09.18 | बाराबंकी | 01 |
| | 15.09.18 | लखनऊ | 01 |
| | 14.09.18 | अलीगढ़ | 01 |
| | 13.09.18 | सम्भल | 01 |
| | 11.09.18 | महोबा | 01 |
| | 11.09.18 | वाराणसी | 01 |
| | 11.09.18 | हरदोई | 01 |
| | 10.09.18 | एटा | 01 |
| | 10.09.18 | गाज़ियाबाद | 02 |
| | 09.09.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 09.09.18 | फिरोज़ाबाद | 02 |
| | 09.09.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 09.09.18 | कासगंज | 02 |
| | 08.09.18 | रायबरेली | 01 |
| | 07.09.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 06.09.18 | इटावा | 01 |
| | 04.09.18 | गोरखपुर | 02 |
| | 04.09.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 04.09.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| | 03.09.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 02.09.18 | वाराणसी | 01 |
| | 01.09.18 | गौतमबुद्धनगर | 02 |
| 20,000.00 | 27.09.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 21.09.18 | वाराणसी | 01 |
| 15,000.00 | 27.09.18 | मैनपुरी | 01 |
| | 26.09.18 | इटावा | 01 |
| | 23.09.18 | मथुरा | 01 |
| | 22.09.18 | मथुरा | 01 |
| | 19.09.18 | इटावा | 01 |
| | 17.09.18 | जौनपुर | 01 |
| | 17.09.18 | कौशाम्बी | 01 |
| | 13.09.18 | शामली | 01 |
| | 12.09.18 | चित्रकूट | 01 |
| | 11.09.18 | बुलन्दशहर | 02 |
| | 10.09.18 | मेरठ | 01 |
| | 07.09.18 | मथुरा | 01 |
| | 07.09.18 | मथुरा | 01 |
| | 02.09.18 | सीतापुर | 01 |
| 10,000.00 | 27.09.18 | मुरादाबाद | 01 |
| | 26.09.18 | मेरठ | 01 |
| | 24.09.18 | फतेहपुर | 01 |
| | 23.09.18 | वाराणसी | 01 |
| | 22.09.18 | जौनपुर | 01 |
| | 21.09.18 | जौनपुर | 01 |
| | 20.09.18 | जौनपुर | 01 |
| | 17.09.18 | चन्दौली | 01 |
| | 15.09.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 13.09.18 | आगरा | 01 |
| | 11.09.18 | शामली | 01 |
| | 11.09.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 06.09.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 03.09.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 01.09.18 | मुरादाबाद | 01 |
| | 01.09.18 | बिजनौर | 01 |
| | 31.08.18 | वाराणसी | 01 |

- उक्त के अतिरिक्त जनपद बरेली, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, अमरोहा, मेरठ, फिरोज़ाबाद, मथुरा, कानपुर नगर, कानपुर देहात, एटा, बुलन्दशहर, शामली, चंदौली, इटावा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, फतेहगढ़, महराजगंज, वाराणसी, फतेहपुर, कन्नौज, सन्तकबीरनगर, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, खीरी, सम्भल, हाथरस, गोरखपुर, रामपुर, लखनऊ, सहारनपुर, शाहजहाँपुर, अम्बेडकरनगर, गोण्डा, जौनपुर, कुशीनगर, मैनपुरी इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, जाली नोट, शराब, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

■ पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुरादाबाद / बदायूँ के विभिन्न थानों पर हत्या, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोगों के अभियुक्त सुमित की गिरफ्तारी हेतु रू. 02 लाख का पुरस्कार घोषित किया है।

## आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी / एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र संख्या–50 / 2018 दिनांक 13.09.2018 द्वारा पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु एवं पुलिस यातना की रोकथाम के सम्बन्ध में निर्देश,

2) डीजी–परिपत्र संख्या–49 / 2018 दिनांक 07.09.2018 द्वारा क्रिमिनल मिस रिट याचिका संख्याः 21467 / 2018 मुन्नी देवी बनाम उ.प्र. राज्य व 03 अन्य में मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 07.08.2018 के अनुपालन हेतु निर्देश,

3) डीजी–परिपत्र संख्या–48 / 2018 दिनांक 04.09.2018 द्वारा दुधारू पशुओं एवं गोवंश के अवैध परिवहन की रोकथाम तथा उनकी बरामदगी एवं सुपुर्दगी के संदर्भ में आवश्यक दिशा–निर्देश,

4) डीजी–परिपत्र संख्या–47 / 2018 दिनांक 03.09.2018 द्वारा रिट याचिका (सिविल) संख्याः 754 / 2016, तहसीन एस. पूनावाला बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में मा. उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 17.07.2018 को पारित निर्णय में दिये गये मार्गदर्शक सिद्धान्तों के क्रम में भीड़ द्वारा कारित हिंसा एवं हत्या की घटनाओं की रोकथाम के सम्बन्ध में निर्देश।

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने सितम्बर 2018 में समस्त ज़ोनल अपर पुलिस महानिदेशक, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/प्रभारी जनपद इत्यादि को निम्न निर्देश भी दिये हैं–

1. दिनांक 28.09.2018 : भ्रष्टाचार उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश,
2. दिनांक 25.09.2018 : वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा कानून–व्यवस्था/अपराध व न्यायालयों में जघन्य अपराधों से सम्बन्धित अभियोगों की प्रभावी पैरवी की समीक्षा उपरान्त आवश्यक निर्देश,



3. दिनांक 20.09.2018 : जनपदों में संचालित अवैध प्राइवेट सुरक्षा अभिकरणों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश,
4. दिनांक 14.09.2018 : जनपद में तैनात क्षेत्राधिकारियों के जनपद मुख्यालय पर आवंटित आवास को निरस्त करते हुए उन्हें तैनाती स्थल पर ही सम्बन्धित सर्किल मुख्यालय पर निवास करने, यदि सर्किल मुख्यालय पर सरकारी आवास उपलब्ध न हो तो किराये के आवास में निवास करने हेतु निर्देश,
5. दिनांक 12.09.2018 से मोहर्रम एवं दिनांक 13.09.2018 से प्रारम्भ होने वाले श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर समुचित सुरक्षा/पुलिस व्यवस्था हेतु निर्देश,
6. दिनांक 10.09.2018 : मँहगाई इत्यादि के विरोध में 'भारत बन्द' आवाहन के अवसर पर समुचित सतर्कता एवं पुलिस प्रबन्ध हेतु निर्देश,
7. दिनांक 08.09.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने वीमेन पावर लाइन 1090 और महिला सम्मान प्रकोष्ठ की समीक्षा करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक, 1090 को बालिकाओं, महिलाओं का सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण प्रदेश स्तर पर कराने हेतु निर्देश,
8. दिनांक 07.09.2018 : वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा कानून व्यवस्था सम्बन्धी समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश,



9. दिनांक 06.09.2018 : एससी/एसटी एक्ट के सम्बन्ध में मा. उच्चतम न्यायालय के निर्णय एवं केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत विधेयक को समाप्त किये जाने आदि माँगों के समर्थन में 'भारत बन्द' आवाहन के सम्बन्ध में समुचित सतर्कता एवं पुलिस प्रबन्ध किये जाने हेतु निर्देश,
10. पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ.प्र., लखनऊ के पत्र के क्रम में मेडिको लीगल प्रकरणों में जहाँ नेत्र बैंक के कर्मियों द्वारा कॉर्निया दान हेतु सम्पर्क किया जाता है, तो मानव अंग प्रतिरोपण अधिनियम–1994 (Transplantation of Human Organs Act, 1994) की धारा–6 में निहित प्रक्रिया के अनुरूप मृतक के परिजनों की सहमति के उपरान्त चिकित्सीय कारणों से कॉर्निया दान हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने सम्बन्धी निर्देश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी अभियानों की उपलब्धियाँ

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एसएसपी/एसपी प्रभारी जनपद, उ.प्र. को गम्भीर एवं संवेदनशील घटनाओं सम्बन्धी मुकदमों में प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिये थे। उक्त क्रम में मुजफ्फरनगर पुलिस ने प्रभावी पैरवी कर अगस्त 2018 में एक दर्जन हत्या अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं अर्थ दण्ड से दण्डित कराया।
- भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने वर्ष 2018 में (दिनांक 25.09.2018 तक) कुल 61 ट्रैप करके विभिन्न विभागों के अराजपत्रित कार्मिकों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। वर्ष 2017 में कुल 53 ट्रैप किये गये थे।

## विविध

### श्रद्धांजलि

पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती नीलम सिंह सहित अन्य पुलिसजनों की प्रार्थनाओं के बावजूद कानपुर नगर में नियुक्त आई.पी.एस. अधिकारी श्री सुरेन्द्र दास का उपचार के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण देहावसान हो गया। दिनांक 10.09.2018 को स्व. सुरेन्द्र दास का अन्तिम संस्कार लखनऊ में सम्पन्न हुआ। पुलिस ऑफिसर्स मेस, लखनऊ में आयोजित शोक सभा में स्व. दास को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण कार्यक्रम

1. दिनांक 30.09.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने सुल्तानपुर, अमेठी एवं प्रतापगढ़ के अधिकारियों/कर्मचारियों का अमेठी में सम्मेलन करते हुए पुलिसिंग में मानवीय संवेदनाओं का अभाव न होने देने पर बल दिया। पूर्व में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिसकर्मियों, विशेषकर आरक्षीगण को संवेदनशीलतापूर्वक कार्य करने, अनैतिक एवं अवैधानिक कृत्यों में लिप्त न होने हेतु मेरठ, लखनऊ, बरेली, बहराइच, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर, वाराणसी, अलीगढ़, बांदा एवं गाज़ियाबाद आदि जनपदों में सीधा संवाद/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया है।
2. दिनांक 15.09.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर एवं हापुड़ के भ्रमण के दौरान यूपी 100 योजना की जीपीएस युक्त 86 मोटरसाइकिलें (गाज़ियाबाद–45 व गौतमबुद्धनगर –41) हरी झण्डी दिखाकर रवाना कीं। पुलिस महानिदेशक ने सम्बोधन में पीआरवी का रिस्पॉस टाइम लगभग 23 मिनट को घटाकर 14 मिनट हो जाने तथा इसे 10 मिनट तक लाने के सम्बन्ध में किये जा रहे प्रशिक्षण का उल्लेख किया। पुलिस महानिदेशक ने हापुड़ में नवनिर्मित पुलिस कार्यालय का उद्‌घाटन एवं भ्रमण कर पुलिस कार्मिकों के अच्छे व्यवहार एवं व्यवसायिक दक्षता बढ़ाने के लिये उन्हें Soft Skill के प्रशिक्षण एवं Cop of the Month को सम्मानित किये जाने सम्बन्धी नवीन प्रयासों की जानकारी के साथ बल का मनोबल बढ़ाने हेतु उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख किया। उक्त अवसर पर एडीजी, मेरठ ज़ोन, आईजी, मेरठ परिक्षेत्र, हापुड़ के एसपी/डीएम/सीडीओ इत्यादि उपस्थित रहे।







निर्देशन : श्री दीपक रतन, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ अफसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री राहुल श्रीवास्तव, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500